डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या(उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY,AYODHYA(U.P.)

पत्रांकः लो0अ0वि0/शैक्ष0/1703 /2024

दिनांकः 30.04 2024

अधिसूचना

एतद्द्वारा सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के आवासीय परिसर तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट www.rmlau.ac.in पर निम्न विवरणानुसार आमंत्रित किए जाते हैं:–

1. प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन (*आवासीय परिसर में पंजीकरण एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में UIN जनरेट किए जाने हेतु*) प्रारम्भ की तिथि 30 अप्रैल, 2024
2. प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन (*आवासीय परिसर में पंजीकरण एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में UIN जनरेट किए जाने हेतु*) करने की अन्तिम तिथि 15 जून, 2024
3. बी0एड0 में प्रवेशित छात्रों हेतु यू0आई0एन0 (UIN) जनरेट किए जाने की तिथि बी0एड0 प्रवेश परीक्षा आयोजक राज्य विश्वविद्यालय द्वारा जारी तिथि के अनुसार रखी जाएगी।
4. सम्बद्ध महाविद्यालयों हेतु यू0आई0एन0 (UIN) सत्यापित किए जाने की अंतिम तिथि 15 अगस्त, 2024।
5. **शुल्कः**
   (अ) आवासीय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण/आनलाइन आवेदन हेतु शुल्क
   –**सामान्य/EWS/अन्य पिछड़ा वर्ग** के अभ्यर्थियों के लिए **रु0 1000/–**
   –**एस0सी0/एस0टी0** के लिए **रु0 500/–** होगा।
   (ब) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु (UIN) जनरेट किए जाने के लिए शुल्क **रू0 100/–**
6. प्राप्त आवेदन–पत्रों के सापेक्ष काउंसिलिंग प्रकिया दिनॉक 20 जून, 2024 से प्रारम्भ होगी, विषयवार विवरण समन्वयक प्रवेश परीक्षा 2024–25 द्वारा यथा समय विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट पर प्रदर्शित कराया जायेगा।
7. विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों–एल0एल0बी0/ एल0एल0एम0/ एम0एड0 एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट पर दिनॉक 30 अप्रैल, 2024 से दिनॉक 15 जून, 2024 तक किए जा सकेगें। सम्बन्धित विवरण निम्नानुसार हैं:–
   (अ) व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनॉक 06 जुलाई, 2024 को किया जाना प्रस्तावित है।
   (ब) व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषणा की सम्भावित तिथि 15 जुलाई, 2024 है।
   (स) जिन व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा, उनकी काउंसिलिंग का पाठ्यक्रमानुसार विवरण समन्वयक द्वारा यथा समय विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट पर प्रदर्शित कराया जायेगा।
8. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित एलएल0बी0 (त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम), एम0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0पी0एड0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश केवल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से ही मान्य होगें। महाविद्यालयो के स्तर से किये जाने वाले प्रवेश विधि मान्य नहीं होंगे।**

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
कुलसचिव

पृष्ठांकन व दिनांकः उपरोक्त
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक/प्रभारी।
2. प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, समन्वयक प्रवेश परीक्षा 2024–25।
3. प्राचार्य/प्राचार्या, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय।
4. मीडिया प्रभारी, उक्त सूचना को विभिन्न समाचार–पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रोग्रामर ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
6. आशुलिपिक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी।
7. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
8. पत्रावली।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
कुलसचिव